मध्यप्रदेश
दैनिक भास्कर, इंदौर, रविवार 29 मार्च, 2015

सतर्कता से करें इंटरनेट का इस्तेमाल

माय एफएम के साथ वर्चुअल बॉयज कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में आईजी कपूर ने दी जानकारी

भास्कर संवाददाता. इंदौर

इंटरनेट पर अकसर मैसेज आते हैं कि आपकी लॉटरी लगी है। आप करोड़ों का इनाम जीत चुके हैं। कई लोग जानकारी के अभाव में लालच में आ जाते हैं और अपने पैसे देकर फंस जाते हैं। इसी तरह सोशल मीडिया पर अनजान लोग आपकी निजी जानकारी मांगते हैं और इसका दुरुपयोग एमएमएस सहित अन्य तरीकों से करते हैं। इसलिए इंटरनेट का इस्तेमाल करते वक्त सतर्क रहें, लालच से बचें और अपनी निजी जानकारी किसी को न दें।

यह बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने कहीं। वे बुधवार को माय एफएम 94.3 के साथ वर्चुअल बॉयज कॉलेज में विद्यार्थियों और फैकल्टी मेंबर्स को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'संकल्प' अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। उन्होंने यहां विद्यार्थियों को सायबर अपराध के विश्वभर में प्रभाव, उसे रोकने के बेहतर उपाय आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में मोबाइल, इंटरनेट का सर्वाधिक उपयोग हो रहा है और सायबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। इसका बड़ा कारण जागरूकता की कमी है। उन्होंने यहां विद्यार्थियों को कभी नशा न करने का संकल्प भी दिलाया। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के साथ ही आईटी एक्ट की जानकारी दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कान्हा चौधरी और उष्मा उपाध्याय को आईजी कपूर ने प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

वर्चुअल बॉयज कॉलेज में साइबर क्राइम के बारे में बताते आईजी कपूर।